Regarding request to upgrade Manpur air strip to airport

श्री लुम्बाराम चौधरी (जालौर) **:** सभापति महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र राजस्थान के सिरोही जिले में मानपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने का निवेदन है । आबू रोड सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है । यहां उत्पादित माल का विदेशों में निर्यात होता है । आबू रोड के निकट, राजस्थान का मुख्य पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू, गुजरात का प्रसिद्ध अंबाजीधाम, सबसे बड़ा ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व जैन धर्म का विश्व प्रसिद्ध दिलवाड़ा का प्रमुख तीर्थ स्थल होने के कारण पूरे साल बड़ी संख्या में देश-विदेश के पर्यटक एवं तीर्थ यात्री बस या ट्रेन के रास्ते आबू रोड आते हैं, जिसमें उनका कीमती समय व्यर्थ जाता है । यह हवाई पट्टी उड़ान योजना में भी शामिल है ।

सार्वजनिक निर्माण विभाग ने आबूरोड स्थित मानपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट का आकार देने के लिए करीब 100 करोड़ रूपए का प्रस्ताव भेजा हुआ है । मानपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में बदलने की आवश्यकता है, जहां पर जमीन भी उपलब्ध है । यही नहीं ब्रह्मकुमारी संस्थान, उद्योगपतियों व माउंट आबू पर्यटन स्थल के व्यावसायियों एवं तीर्थयात्रियों की काफी लम्बे समय से मानपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में बदलने एवं यहां से देश के विभिन्न भागों के लिए हवाई यात्रा उपलब्ध कराने की मांग लम्बे समय से लम्बित है ।

सभापति महोदय, आपसे निवेदन है कि आबू रोड स्थित मानपुर हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करें । धन्यवाद ।